### प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री श्री लोधी ने मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर ली परेड की सलामी

# जिले भर में धूमधाम से मनाया गया 75वां गणतंत्र दिवस







हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

75वां गणतंत्र दिवस जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा के पुलिस परेड ग्राउण्ड पर हर्षोल्लास और उमंग के साथ समारोहपूर्वक मनाया गया । प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने स्थानीय पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली । प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी के राष्ट्रीय ध्वज फहराते ही पुलिस परेड ग्राउण्ड जन-गण-मन अधिनायक .... की गूंज से गुजांयमान हो उठा। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री श्री लोधी ने नील गगन में हर्ष और खुशी के प्रतीक गुब्बारे छोड़े। समारोह में हर्ष फायर एवं आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत की गई ।

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री श्री लोधी ने खुली जीप में कलेक्टर श्री मनोज पुष्प, पुलिस अधीक्षक श्री विनायक वर्मा एवं परेड कमांडर श्री आशीष तिवारी के साथ परेड का निरीक्षण किया । मुख्य अतिथि द्वारा समारोह में शहीद स्वर्गीय श्री लालमन की पत्नी वीर महिला श्रीमती ललती बाई, शहीद अमित ठेंगे के पिता श्री मधुकरराव ठेंगे और लोकतंत्र सेनानियों का शाल, श्रीफल एवं पुष्पमालाओं से अभिनंदन भी किया। मुख्य अतिथि प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग के राज्यमंत्री श्री लोधी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया।

मुख्य अतिथि ने जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद के वर्ष 2024 के कैलेण्डर का विमोचन और सावरवानी में नवनिर्मित 2 होम स्टे का लोकार्पण भी किया । कार्यक्रम में पुलिस विभाग द्वारा भारत सरकार द्वारा लागू किये गये 3 नये कानूनों पर केन्द्रित छायाचित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई ।

सांस्कृतिक और अन्य कार्यक्रमों के लिये पुरस्कार वितरित-समारोह में प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सराहनीय प्रस्तुति देने पर शासकीय कन्या शिक्षा परिसर के छात्र-छात्राओं को प्रथम, सीएम राईज हायर सेंकेण्डरी स्कूल गुरैया के छात्र-छात्राओं को व्दितीय, जवाहर नवोदय विद्यालय सिंगोड़ी के छात्र-छात्राओं को तृतीय और भगवान श्रीचंद हायर सेकेंडरी स्कूल को विशेष सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किये गये। व्यायाम प्रदर्शन में विद्या भूमि पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को प्रथम पुरूस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, म.प्र.राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, जनजातीय कार्य, कृषि, उद्यानिकी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरपालिक निगम, जिला पंचायत, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, वन, मत्स्य, स्कूल शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण, पशु चिकित्सा सेवायें, स्वास्थ्य और पुलिस विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और विभागीय कार्यक्रमों की झांकियों का प्रदर्शन किया गया जिसमें जनजातीय कार्य विभाग की झांकी को प्रथम, कृषि विभाग की झांकी को व्दितीय और सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग की झांकी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया । समारोह में विशेष सशस्त्र बल आठवीं वाहिनी, जिला पुलिस बल पुरूष और महिला, होमगार्ड, एन.सी.सी.सीनियर बालक और बालिका, एन.सी.सी.जूनियर बालिका, स्काउट गाईड्स एवं वन विभाग द्वारा परेड की गई जिसमें सशस्त्र बल में जिला होमगार्ड को को प्रथम, एन.सी.सी. ग्रुप में सीनियर बालिका को प्रथम तथा स्काउट गाईड्स ग्रुप में वन को प्रथम पुरस्कार दिया गया।

इसी प्रकार बेस्ट परेड कमांडर का पुरस्कार रक्षित निरीक्षक श्री आशीष तिवारी और बेस्ट परेड सेकेंड इन कमांडर का पुरस्कार सूबेदार श्री रोहित शेंडे एवं बेस्ट बैंड मास्टर का पुरूस्कार बैंड मास्टर श्री गंगाराम आतराम को प्रदान किया गया । साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने पर 177 अधिकारियों, कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर म.प्र.राज्य भारिया विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दिनेश कुमार अंगारिया, नगरपालिक निगम के महापौर श्री विक्रम अहके, जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य श्री शेषराव यादव, सर्वश्री दौलत सिंह ठाकुर, टीकाराम चंद्रवंशी, परमजीत विज, विजय झांझरी और अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री पार्थ जैसवाल, अतिरिक्त कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे, सहायक कलेक्टर सुश्री तनुश्री मीणा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अवधेश प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, एस.डी.एम.श्री सुधीर कुमार जैन, जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी, पत्रकार, छात्र-छात्रायें तथा आम नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री ओ.पी.शर्मा, श्रीमती वाणी शुक्ला और श्री नरेन्द्र शक्रवार ने किया।





### कलेक्टर श्री पुष्प ने कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया

कलेक्टर श्री मनोज पुष्प ने गणतंत्र दिवस पर कलेक्टर कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया । इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, जिला प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी, पत्रकार और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे । कार्यक्रम में शासकीय कला पथक दल के साथ सभी ने राष्ट्र गान का गायन किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री पुष्प ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनायें दी।

### सहकारी केंद्रीय बैंक में फहराया राष्ट्रीय ध्वज

कलेक्टर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक छिंदवाड़ा के प्रशासक श्री मनोज पुष्प द्वारा 75वें गणतंत्र दिवस पर्व पर आज जिला सहकारी केंद्रीय बैंक छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर उपायुक्त सहकारी संस्थायें श्री घनश्याम डेहरिया, बैंक के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री ए.के.जैन, अन्य कर्मचारी और बैंक की स्थानीय शाखा कृषि, गांधी गंज, अमानत शाखा के कर्मचारी व शाखा प्रभारी और मुख्यालय के सभी कक्षों के कक्ष प्रभारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# रास्ता अवरूद्ध करना त्रुटिपूर्ण, सौंसर सिविल न्यायालय ने दिया स्थगन आदेश

**कलेक्टर पांढुर्णा ने भी एस.डी.एम. के आदेश को भी तत्काल स्थगित रखने के दिये आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

प्रकरण क्रमांक आर.सी.एस.ए./28/2021 में माननीय व्यवहार न्यायाधीष सौंसर ने तत्काल आम रास्ता रोकने के लिए अनावेदकगण नरेन्द्र पिता नंदलाल खुबेले को प्रतिबंधित किया। उल्लेखनीय है कि बेवा रेखा पति नारायण सिंह ठाकुर अपनी पैतृक भूमि में 100 वर्षों से भी अधिक समय से काबिज थी, परंतु अनावेदक नरेन्द्र खुबेले ने रास्ता बाधित कर अवैध निर्माण करना शुरू कर दिया था, जिस पर आवेदिका रेखा ठाकुर ने अपने अधिवक्ता डॉ. ह्रदेश श्रीवास्तव के माध्यम से अस्थायी निषेधाज्ञा हेतु आवेदन दिया, जिस पर अनावेदक नरेन्द्र खुबेले ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से यह तर्क प्रस्तुत किया कि उक्त वादग्रस्त भूमि ख0क्र0 206, 207/1, 207/2 के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के माध्यम से नक्षा दुरूस्ती का आदेश पारित करा लिया है। ऐ

`सी दशा में उक्त विवादित भूमि अनावेदक की है, किंतु माननीय सिविल न्यायालय सौंसर ने अधिवक्ता डॉ. ह्रदेश श्रीवास्तव के इस तर्क को स्वीकार किया कि राजस्व अधिकारी के किसी संशोधन आदेश के आधार पर आवेदिका का आने-जाने का सुखोपचार का अधिकार बाधित नहीं किया जा सकता है, और न ही उक्त मार्ग पर किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य किया जा सकता है। उक्त संबंध में अधिवक्ता ने अपने तर्कों के साथ व्यापक नियमावली भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की, जिससे न्यायालय ने संतुष्ट होकर निषेधाज्ञा पारित की, साथ ही साथ न्यायालय कलेक्टर ने अपीलार्थी रेखा ठाकुर की अपील को स्वीकार करते हुए अनुविभागीय अधिकारी (राज) सौंसर के न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्र. 0133/अ-6(अ)/2022-23 में पारित आदेश दिनांक 25/07/2022 को भी आगामी आदेश तक स्थगित करने का निर्णय पारित किया है। उक्त आदेश की अवहेलना के चलते नरेन्द्र खुबेले के विरूद्ध न्यायालय ने अवमानना का प्रकरण भी पंजीबद्ध कर लिया है।

# मंत्री प्रहलाद पटेल ने ली लोकसभा जिला कोर कमेटी की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में लोकसभा कोर कमेटी की बैठक ली। बैठक में श्री पटेल ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ है लोकसभा चुनाव को जीतने के मंत्र भी दिए। श्री पटेल ने बैठक में बताया कि हमें केवल चुनाव के समय ही जनता के बीच ना जाकर हमेशा जनता के संपर्क में रहना चाहिए। हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी लाभकारी योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित ना रह जाए। उक्त बैठक के पश्चात पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने भाजपा जिला कोर कमेटी की बैठक भी ली। बैठक में छिंदवाड़ा भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू के साथ पांढुर्णा भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती वैशाली महाले, जिला प्रभारी संतोष पारिक, पूर्व विधायक एवं लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर, लोकसभा संयोजक शेषराव यादव, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र परमार, रमेश पोफली, कन्हईराम रघुवंशी, ठाकुर दौलत सिंह, भारिया विकास प्राधिकरण राज्य मंत्री दिनेश अंगारिया, वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष जैन, जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी, परमजीत विज, पूर्व विधायक नानाभाऊ मोहोड़, नत्थनशाह कवरेती, हरिशंकर उईके, लखन वर्मा, सुश्री मोनिका बट्टी, श्रीमती ज्योति डेहरिया, विजय झांझरी, संजय सक्सेना, सीताराम डेहरिया, ठाकुर प्रियवर सिंह, रिजवान कुरैशी, अलकेश लाम्बा, दिनेशकांत मालवीय, विक्रम सोनी, दीपक कोल्हे सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।

**कार्यालय नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा**
26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व के पुनीत अवसर पर नगरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
* जल ही जीवन है इसका अपव्यय न करें।
* नगर पालिक निगम को देय समस्त करों का भुगतान समय पर करें।
* नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाये रखने में अपना योगदान दें।
* स्वच्छता अपनाओ- स्वच्छता अपनाओ, अपने घर को सुन्दर बनाओ गीला कचरा सूखा कचरा कचरा गाड़ी आने पर उसके निर्धारित खांचे में ही डाले।
26 January Republic Day
निवेदक: नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
26 January Republic Day
कृषि विभाग छिंदवाड़ा
अधिकारी एवं समस्त कर्मचारीगण

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
26 January Republic Day
आर टी ओ विभाग छिंदवाड़ा
अधिकारी एवं समस्त कर्मचारीगण

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**
26 January Republic Day
शराब ठेकेदार
संदीप श्रीवास्तव, मनोज मंडराह और सोनू मांगो

### मोरडोंगरी मार्ग पर हुआ दर्दनाक हादसा, ईंट भट्टे का काम करते है पीड़ित

# तेज रफ्तार कार पहले ट्रेक्टर ट्रॉली से टकराई फिर बच्चे को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

पुलिस थाना उमरेठ अंतर्गत ग्राम उमरेठ में मोरडोंगरी मार्ग पर विद्युत सब स्टेशन के सामने सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें मोरडोंगरी मार्ग की ओर से तेज रफ्तार से आ रही काले रंग की हुंडई आई 20 कार रजिस्ट्रेशन नंबर MP28CB4990 (जिसका बीमा 29 नवंबर 2023 को खत्म हो चुका है) अनियंत्रित होकर पहले सड़क किनारे खड़े ट्रेक्टर की ट्रॉली से टकराई फिर समीप खड़े बच्चे को ठोका । बच्चा जाकर लगभग 500 मीटर दूर फिकाया । बच्चे को सिर तथा शरीर के अन्य अंगों पर गंभीर चोटें आई हैं । कार में वाहन स्वामी अशोक मरकाम निवासी बिजौरी गुमाई जो आर्मी में पदस्थ बताया जा रहा है एवं वाहन चालक श्रीराम पहाड़े निवासी वार्ड नंबर 02 (हेटी) उमरेठ सवार थे । घायल बच्चा यश उर्फ नीलू पिता कमलेश यादव उम्र 8 वर्ष कक्षा पहली में अध्ययनरत निवासी वार्ड नंबर 02 (हेटी) उमरेठ का बताया जा रहा है । घायल बच्चे को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परासिया ले जाया गया । जहां से उसे जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा रेफर कर दिया गया । जिला अस्पताल छिन्दवाड़ा में घायल बच्चे के सिर का सिटी स्कैन कर उपचार किया जा रहा है।

### कुरकुरा लेने दुकान आया था बच्चा

बताया जा रहा है कि घायल बच्चे का पिता कमलेश यादव निवासी वार्ड नंबर 02 (हेटी) उमरेठ जो उमरेठ में स्थित चर्च के पास चल रहे मोनू प्रजापति के ईट भट्टे में ईंट बनाने का काम कर रहा है। जो परिवार सहित ईंट भट्टे पर था। घायल बच्चा सड़क दुर्घटना से पूर्व मुख्य मार्ग पर स्थित होटल पर कुरकुरा खरीदने आया था दुकान से कुरकुरा लेकर निकलते ही सड़क दुर्घटना का शिकार हुआ।

### पट प्रतियोगिता में सिवनी ने बनाया दबदबा

**परासिया / शिवपुरी :-** ग्राम पंचायत सिरगओरा ( शिवपुरी ) में आयोजित पट प्रतियोगिता में सिवनी जिले से आई बैल जोड़ियों ने अपना दबदबा बनाया । पहला और दूसरा इनाम जीत कर नगद पुरस्कार जीते । प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में सिरगोरा ( शिवपुरी ) में विशाल पट प्रतियोगिता बैल जोड़ी का आयोजन किया गया । जिसमें जिले एवं आसपास के जिले से 66 बैल जोड़ियों ने भाग लिया । इसमें रंजीत पटेल - दयाली पटेल सिवनी ने प्रथम स्थान पाकर 31 हजार रुपए नगद राशि प्राप्त की । दूसरा देवी पटेल सिंहपुर सिवनी को 21 हजार , तीसरा उपविजेता रुद्र विनायक शुक्ला सिवनी को 15 हजार , चौथा इनाम चिराग पटेल चिमन खेड़ी 11 हजार प, ांचवा इनाम आंसू सेठ शिमला खेड़ी 10 हजार रूपए प्रदान किए गए ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा अशोक आम्रवंशी , जनपद उपाध्यक्ष जमील खान , जनपद सदस्य देवी चंद्रवंशी के हस्ते



पुरस्कार वितरण किया गया । हजारों की संख्या में पट प्रतियोगिता देखने जन सैलाब उमड़ा । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए हरिद्वार पटेल , जगन्नाथ यदुवंशी , हरि शंकर पटेल , घनश्याम पटेल , कुशल पटेल , नैनसुख , राजेंद्र बंदेवार , देवचंद बेलवंशी , शिवकुमार चंद्रवंशी , ह्रदय लाल , भागवत पटेल एवं समस्त ग्राम वासियों का विशेष योगदान रहा।







# हर्षोल्लास के साथ हुआ आयोजित गणतंत्र दिवस का जिला स्तरीय समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

सम्पूर्ण देश के साथ ही सिवनी जिले में भी उत्साह एवं हर्षोल्लास से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का जिलास्तरीय समारोह कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के मुख्य आतिथ्य में स्टेडियम ग्राउंड सिवनी में आयोजित हुआ। गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय समारोह में कलेक्टर श्री सिंघल ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का प्रदेश की जानता के नाम संदेश का वाचन किया एवं हर्ष के प्रतीक गुब्बारे छोड़े। इसके उपरांत कलेक्टर श्री सिंघल ने सभी प्लाटून कमांडर से परिचय प्राप्त किया गया। गणतंत्र दिवस के जिलास्तरीय समारोह में सांसद श्री ढालसिंह बिसेन, विधायक सिवनी श्री दिनेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री शफीक खान, जनपद पंचायत अध्यक्ष किरण भलावी, श्री आलोक दुबे, वैभव पवार, पूर्व विधायक श्रीमती नीता पटेरिया, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सीएल चनाप सहित अन्य जनप्रतिधिनयों, गणमान्य नागरिकों, विभागाधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पुलिस बैंड की लयबध्द ध्वनि में स्नेहा घोरमारे प्लाटून कमांडर के नेतृत्व में कुल 19 प्लाटून दल क्रमशः विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, होमगार्ड, जेल विभाग तथा वन विभाग, एन सी सी, स्काउटगाइड, शौर्य दल प्लाटून दलों द्वारा कदम- तालबध्द मनमोहक मार्चपास्ट एवं स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति से ओत-प्रोत लोक नृत्य प्रस्तुत किए गए। विभिन्न हितग्राही मूलक विभागों द्वारा केंद्र एवं प्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं एवं प्रगतिरत कार्यों पर आधारित मनमोहन सुंदर झांकियों को प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारी कर्मचारियों, प्लाटून दलों, स्कूली छात्र छात्राओं एवं विभागों की झांकियों को पुरुस्कृत किया गया। झांकियों में प्रथम स्थान कृषि विभाग के प्राकृतिक कृषि में केंद्रित झांकी को दिया गया, द्वितीय स्थान आजीविका मिशन की झांकी को तथा तृतीय स्थान शिक्षा नगरपालिका विभाग की झांकियों को संयुक्त रूप से दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम स्थान कन्याशिक्षा परिसर, द्वितीय स्थान उत्कृष्ट विद्यालय तथा तृतीय सेंटफ्रांसेस स्कूल को दिया गया। कार्यक्रम में बालिका प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिला स्तर पर बोर्ड परीक्षाओं में अग्रणी स्थान प्राप्त करने वाली कक्षा 10 वी की 17 एवं कक्षा 12 वी की 19 छात्राओं को प्रात्साहन राशि का वितरण भी किया गया।

## सेम रॉक जैक एंड जिल स्कूल के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम मनाया गया





सेम रॉक जैक एंड जिल स्कूल के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम मनाया गया इस कार्यक्रम में ध्वजारोहण का कार्यक्रम के बाद सर्वप्रथम प्रातः काल प्रभात फेरी निकल गई कार्यक्रम की बेला में स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा तरह-तरह के गीत नृत्य का आयोजन किया गया कार्यक्रम के अंत में स्कूल संचालिका शेफाली अभय भी निगम के द्वारा गणतंत्र दिवस की पावन उपलक्ष में बच्चों को संबोधन किया गया अंत में आए हुए अतिथियों का मंच के माध्यम से आभार प्रस्तुत किया गया।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सफीक खान/उपाध्यक्ष श्रीमती डाली अमित डागोर ने फहराया तिरंगा

**सिवनी।** 26 जनवरी 2024 को 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष श्री शफीक खान द्वारा तिरंगा फहराया गया एवं उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। तदोपरांत नगर के शुक्रवारी चौक, में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती डाली अमित डागोर के द्वारा तिरंगा फहराया गया एवं उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त पार्षदगण तथा नगर पालिका के अधिकारी/कर्मचारीगण सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र सेनानियों को किया गया सम्मानित

इसके पश्चात नगर पालिका के लाइब्रेरी में लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, नगर पालिका द्वारा प्रत्येक वर्ष लोकतंत्र सेनानियों को सम्मानित किया जाता है इसी क्रम में आज 75 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री आर.के.कुर्वेती एवं नपा के पार्षदो द्वारा गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई एवं समस्त लोकतंत्र सेनानियों को पुष्पमाला पहनाकर, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

## गुरुकुल में हुआ भव्य गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन

**बरघाट।** ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन के अनुसांगिक शैक्षणिक संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल बरघाट में भव्य गणतंत्र दिवस समारोह 75वीं वर्षगांठ धूमधाम और हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था प्रबंध निदेशक नरेश सिंह राजपूत एवं प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत उपस्थित रहे। साथ ही संस्था के संरक्षक एवं मार्गदर्शक कुंवर सिंह राजपूत एवं विष्णु प्रसाद साहू, सह प्राचार्य नितेश गौतम, प्रधानाचार्य नाहिद खान, पूर्व विद्यार्थी वेदांत श्रीवास्तव की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती एवं तिरंगे झंडे के पूजन के साथ हुई, संस्था प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान एवं परेड के साथ सलामी दी गई। नरेश सिंह राजपूत ने इस राष्ट्रीय पर्व एवं उत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि भारत गणतंत्र दिवस पर हम गणराज्य के मौलिक सिद्धांतों को मनाते हैं और समृद्धि और सामरिकता की दिशा में काम करने का लगातार प्रयास करते हैं।गणतंत्र दिवस हमें याद दिलाता है कि हम एक सशक्त, समृद्ध, और समृष्टि भरे भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। हमें अपने देश के लिए साझा मिलकर काम करने का संकल्प करना चाहिए ताकि हम अपने सपनों को हकीकत में बदल सकें। बच्चों ने तिरंगे एवं जोश के साथ नारे लगाए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



## संदीप दीक्षित हुए सम्मानित

**सिवनी**//गणतंत्र दिवस के मौके पर विभिन्न कार्यो के लिए कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया इसी क्रम में जिला चिकित्सालय के पुलिस चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक संदीप दीक्षित को भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किया गया। संदीप दीक्षित द्वारा अस्पताल चौकी में पुलिस विभाग के लिए उत्कृष्ट कार्यो सहित मानव सेवा में भी विभिन्न उत्कृष्ट कार्य किए गए हैं जिसके लिए इन्हे सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## प्रतिभावान खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**सिवनी।** सत्र 2023- 24 में निर्धारित खेल कैलेंडर अनुसार 67 वीं शालेय राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित हुई ,जिसमे कन्या शिक्षा परिसर सिवनी एवं कन्या शिक्षा परिसर कुरई की छात्राओं ने सहभागिता किया। विभाग प्रमुख जनजातीय कार्य विभाग सिवनी सहायक आयुक्त डॉक्टर अमर सिंह उइके संस्था प्रमुख प्राचार्य मनोहर सिंह राहंगडाले के निर्देशन में छात्राओं ने राज्य स्तर पर सिवनी जिले का प्रतिनिधित्व किया। कन्या शिक्षा परिसर सिवनी से 20 बालिकाओं ने एवं कन्या शिक्षा परिसर कुरई से 25 बालिकाओं ने शालेय राज्य स्तर पर एवं 02 बालिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता किया। राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर सहभागिता करने वाली छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु संस्था के व्यायाम शिक्षक दीपक गोस्वामी एवं नीलेश सनोडिया द्वारा ट्रैकसूट

## आदर्श सरस्वती शिशु मन्दिर छपारा में गणतंत्र दिवस मनाया गया

**छपारा।** बैनगंगा बाल कल्याण समिति की उपस्थिति में आदर्श सरस्वती शिशु मन्दिर छपारा विद्यालय में 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस)कार्यक्रम बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। पूर्व छात्र और बड़ी संख्या में अभिभावक वन्धु,गणमान्य नागरिक की उपस्थित रही एक से बढ़ एक सांस्कृतिक और देश भक्ति कार्यक्रम शिक्षकों ने अभिभावक के सहयोग से किया मंच संचालन सांस्कृतिक प्रभारी सुश्री रेशमा खान ने किया बाकी सभी आचार्यों ने मिलकर कार्यक्रम तैयार किया और व्यवस्थित ढंग से कार्यक्रम संपन्न हुआ और आज के मिष्ठान,स्वल्पाहार व्यवस्था की घोषणा संस्थापक सदस्य श्रीमान बाबूलाल अग्रवाल जी उपाध्यक्ष ने अपने तरफ से किया।

## हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**खैरापलारी।** 75वां गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व जहां पूरे देश मनाया गया इसी कड़ी में पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा पलारी में भी बड़े ही हर्ष, उल्लास, उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा धार्मिक एवं राष्ट्रीय गीतों पर नृत्य ,नाटक मंचन एवं भाषण प्रस्तुत किया गया छोटे-छोटे बच्चों की झांकियां, नृत्य, गीत ,नाटक मंचन ने दर्शकों के मन को मोह लिया।

## कृष्णा ग्लोबल पब्लिक स्कूल में वेदांत का अनुपम नृत्य यह जय हो अंजनी के लाल में

कृष्ण ग्लोबल पब्लिक स्कूल के तत्वाधान में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया सभी छात्र-छात्राओं के द्वारा अनुपम कार्यक्रमों की प्रस्तुति मंच के माध्यम से दी गई आपको बता दें कि मरझौर स्थित



शाला प्रांगण में 4 वर्षी छात्र वेदांत दुबे के द्वारा यह जो अंजनी के लाल में अनुपम नृत्य की प्रस्तुति की गई वेदांत के द्वारा सामूहिक नृत्य में बड़े ही अनुपम अलौकिक नृत्य मंचन किया गया जिसको देखकर सभी उपस्थित जन के द्वारा करतल ध्वनि से तालिया के द्वारा वेदांत का उत्साह वर्धन किया।



## क्षत्रिय पवार समाज द्वारा नारी शक्तियों का किया गया सम्मान, डॉक्टर नीलिमा बघेल हुई सम्मानित

सिवनी नगर में क्षत्रीय पवार समाज का वार्षिक सम्मान समाज सम्मेलन पवार भवन बारापत्थर सिवनी में संपन्न हुआ इस सम्मेलन में समाज द्वारा पवार समाज की विशेष प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया जिसमें जिले की एकमात्र होम्योपैथिक एम डी डॉक्टर नीलिमा बघेल को उनकी विगत 20 वर्षों की उत्कृष्ट वेदकीय सेवा एवं जन सेवा के लिए समाज की तरफ से सम्मानित किया गया डॉक्टर नीलिमा बघेल को मंचा सीन श्रीमती चित्रा नलिन सहारे द्वारा मुख्य अतिथि सांसद डॉक्टर ढाल सिंह बिसेन एवं समाज के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में साल श्रीफल एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया इसके अतिरिक्त डॉक्टर जागृति बिसेन श्रीमती नेहा पटले एस सी पुलिस श्रीमती श्वेता तूरकर वी डि यो इनको भी समाज की और से सम्मानित किया गया छत्रीय पवार समाज के अध्यक्ष नलिन सहारे की सफल एवं सर्व स्वीकृत प्रणाली की समाज की और से विशेष सहाराना की गई तथा सामाजिक एकता एवं शैक्षणिक विकास को मुख्य लक्ष्य बताया गया

## आज राशि लॉन में मातृशक्ति संगम का कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

नगर के राशि लॉन में 28 जनवरी रविवार को मातृशक्ति संगम का कार्यक्रम आयोजित किया गया है कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम की जिला संयोजका रूकमणी सनोडिया ने बताया कि स्त्रियाँ परिवार का आधार है परिवारों को सुखी और समृद्ध बनाने में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है। स्त्री शिक्षा समानता और महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता के लिये मातृशक्ति संगम का आयोजन महिला समन्वय विभाग सिवनी द्वारा आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में महिलाओ को स्त्रीत्व श्रेष्ठता की महत्ता के विषय में जानकारी प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में वीरांगना प्रदर्शनी, विचार प्रबोधन, मनभावन झांकिया, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा ।कार्यक्रम नारियों की समाज में भूमिका पर आधारित होगा, भारतीय चिंतन में स्त्री की भूमिका और आधुनिक समाज में उसका योगदान विषय पर विचार विमर्श किया जायेगा। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम की संयोजितका श्रीमती रूकमणी सनोडिया, सह संयोजिका सपना गौतक, श्रीमती सोनू अग्रवाल, श्रीमती सरिता आंधवान, श्रीमती ममता शर्मा ने समस्त मातृशक्ति से कार्यक्रम में उपिस्थिती की अपील की है।

## करंट लगने से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के पिपरिया गांव में शनिवार को एक युवक की खेत में काम करते समय करंट लगने से मौत हो गई। सुचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी सोनू पिता गनाराम सनोडिया (27) शनिवार को खेत में काम कर रहा था। इस दौरान जैसे वह फसलों को पानी देने के लिए मोटर चालू करने गया उसे करंट लग गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उपचार के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस पंचनामा कार्रवाई के बाद पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है। मामले को लेकर परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## छपारा बैनगंगा नदी में एक युवक का शव मिला

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के छपारा बैनगंगा नदी में एक युवक का शव मिला है। शुक्रवार रात दोस्तों के साथ युवक घर से निकला था, जो लापता हो गया था। इस बात की शिकायत परिजनों ने छपारा थाने में की थी। और आशंका जताई थी कि हो सकता है कि बैनगंगा नदी में युवक गिर गया हो, क्योंकि उसे आखरी बार नदी के पास देखा गया था। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने रेस्क्यू दल बुलाकर नदी में तलाश शुरू की थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार छपारा के जैन वार्ड निवासी चिंटू उर्फ अभिषेक पिता नरेंद्र जैन उम्र 40 वर्ष बीती रात्रि लगभग 11 बजे से लापता हो गया था। जो कुछ दोस्तों के साथ कुम्हारी मोहल्ला बैनगंगा नदी के तरफ गया था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने युवक की नदी में डूबने की आशंका व्यक्त की थी। इसके बाद से पुलिस रेस्क्यू दल के साथ नदी में उसकी तलाश कर रही थी। छपारा पुलिस ने बताया कि वैनगंगा नदी में गोताखोरों के साथ युवक की तलाश की जा रही थी। 2 दिन से एसडीआरएफ टीम के द्वारा वैनगंगा नदी मे रेस्क्यू किया जा रहा था। जिसका शव नदी के अंदर मिला है। बताया जा रहा है कि युवक कपड़े का व्यापार करता था। वह साप्ताहिक बाजार में चार पहिया वाहन से कपड़े ले जाकर दुकान लगाता था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। और यह पता लगाने का प्रयास किया किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। परिजनों और स्थानीय लोगो व दोस्तों से पूछताछ की जा रही है।

### रुपये के लालच में छह शिकारियों ने बाघ को मार डाला

# करंट लगाकर बाघ का शिकार करने वाले 6 आरोपियों को 3 वर्ष का कारावास

### रामटेक में गिरफ्तार आरोपितों से मिला था सुराग,तीनों आरोपितों को पेंच राष्ट्रीय उद्यान के सुपुर्द किया था

**धनवर्षा करने बाघ को मारने वाले छह शिकारियों को छिंदवाड़ा न्यायालय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवमोहर सिंह ने 3-3 साल कारावास और 60-60 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित करने फैसला 25 जनवरी 2024 को दिया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

पेंच टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने बताया कि पार्क के वन परिक्षेत्र कुंभपानी बफर क्षेत्र में बाघ का करंट लगाकर शिकार में शामिल संदीप उर्फ गप्पू पुत्र नेपाल सिंह चौहान, दिनेश पुत्र नेपाल सिंह चौहान, संतोष पुत्र हरिपाल चौहान तीनों हलालखुर्द थाना चौरई एवं रामदास पुत्र भंगू चौहान धुतमरमाल थाना चांद जिला छिंदवाड़ा निवासी तथा तारसिंह पुत्र शिवप्रसाद राठौर, भीकम पुत्र जीतसिंह राठौर दोनों बादलपार थाना कुरई जिला सिवनी निवासी





के खिलाफ विवेचना के बाद चालान न्यायालय में पेश किया था। प्रकरण में एक आरोपित हरिपाल की मौत हो जाने के कारण न्यायालय ने उसके संबंध में निर्णय पारित नहीं किया है। छिंदवाड़ा क्षेत्र की तत्कालीन सहायक वनसंरक्षक भारती ठाकरे व कुंभपानी परिक्षेत्र अधिकारी मानसिंह परते द्वारा प्रकरण में विस्तृत विवेचना की गई। शासन की ओर से अभियोजन अधिकारी अभयदीप सिंह ठाकुर ने पैरवी की गई। डिप्टी डायरेक्टर रजनीश सिंह ने प्रकरण के संबंध में आज यहां बताया कि 5 मई 2019 को महाराष्ट्र राज्य नागपुर जिला अंतर्गत वन परिक्षेत्र रामटेक के वन अधिकारियों ने रामटेक में आरोपित रामदास चौहान, तारसिंह राठौर, भीकम राठौर को बाघ के मूंछ के बाल के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपितों के कब्जे से बाघ के मूंछ के 51 बाल जप्त किए गए थे। पूछताछ में आरोपितों ने एक अन्य आरोपित हरिपाल पुत्र गोपी चौहान हलालखुर्द छिंदवाड़ा निवासी से बाघ की मूंछ के बाल प्राप्त होने की जानकारी दी थी।

मामले में रामटेक वन अधिकारियों ने तीनों आरोपितों को आगे की कार्रवाई हेतु पेंच राष्ट्रीय उद्यान के सुपुर्द किया था। पेंच टाइगर रिजर्व के वन अमले द्वारा आरोपित हरिपाल को पकड़कर पूछताछ करने पर बताया कि बाघ के अंगों का उपयोग कर तंत्र विद्या से धनवर्षा करने करंट लगाकर जंगल में बाघ का शिकार किया गया था। जांच के दौरान रामदास के घर से बाघ के एक पंजे के तीन भाग मिले थे।

आरोपित हरिपाल ने बेटे संतोष, भतीजे दिनेश व संदीप के साथ मिलकर हलालखुर्द के सरकारी स्कूल के पास बिजली पोल से करंट का तार खींचकर जंगल में खूंटी लगाकर तार से करंट फैला दिया था। करंट की चपेट में आकर बाघ की मौत होने पर अंगों को काटकर तंत्र विद्या से धनवर्षा के लिए बाघ के दांत, नाखून, मूंछ के बाल, हड्डियां निकालकर अपने पास रखने का जुर्म कबुल किया था।

मूंछ के बाल आरोपित तारसिंह, भीकम तथा रामदास को देकर बाघ के अवशेष जंगल में गड्ढा खोदकर गड़ाने की जानकारी दी थी। इस पर पेंच टाइगर रिजर्व के अमले ने पूछताछ के बाद आरोपितों से अलग-अलग बाघ के अवशेष तथा अपराध में प्रयुक्त सामग्री जब्त की थी। आरोपितों की निशानदेही पर जंगल में गड्ढा खोदकर बाघ के अवशेषों को जब्त किया गया था।

## अज्ञात कारणों के चलते लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के छपारा मुख्यालय में शहीद वार्ड के शिवाय कॉलोनी स्थित मकान के एक कमरे में शुक्रवार दोपहर के समय अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जिसके कारण अंदर रखा समान और नगदी जलकर खाक हो गए। स्थानीय लोगों ने आगजनी की सूचना पुलिस और दमकल वाहन में दी। शिवाय कॉलोनी में स्थित एक मकान के लोग किसी काम से बाहर गए हुए थे। वहीं अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। मकान के कमरे से तेज धुआं निकलता देखा। इस बात जानकारी मिलने के बाद आसपास के कई लोग मौके पर पहुंचे।

सूचना के बाद घर मालिक का बेटा भी पहुंच गया। और जब दरवाजा खोला तो देखा कि तेज लपटों के साथ आग लगी हुई थी। मौजूद लोगों ने आग पर काबू करने का प्रयास किया गया। मकान संदीप कुमार पाराशर का है जो किसी काम से बाहर गए हुए थे और इस समय यह घटना हो गई। मकान के कमरे में रखी सामग्री और नगदी जलकर खाक हो गए। इस घटना में लगभग 50 हजार रुपए के नुकसान होने की जानकारी मिल रही है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

## लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** रीवा संसदीय क्षेत्र के दौरा कार्यक्रम के दौरान रीवा लोकसभा पर्यवेक्षक के रूप में रीवा जिले की सेमरिया विधानसभा एवं गुढ़ विधानसभा में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक ली। इस अवसर पर साथ ही राज्यसभा सांसद राजमणी पटेल ,रीवा कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ,जिला संगठन मंत्री रवि तिवारी,जिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मण कोल जी,सेमरिया विधायक अभय मिश्रा जी,विधानसभा प्रत्याशी देवतालाब पदमेश गौतम जी,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुंदरिया आदिवासी जी,मिश्रीलाल तिवारी जी,ब्लॉक अध्यक्ष नरेश मिश्रा जी, गिरीश सिंह जी,कुंवर सिंह जी,प्रमोद शर्मा जी,संतोष सहगौरा जी,अजय शुक्ला जी,ललित सिंह जी,केशकली सरित जी भागवत तिवारी जी,मनभरण त्रिपाठी जी, राजेंद्र त्रिपाठी जी,वीरभद्र सिंह जी,राजेंद्र सिंह जी,मोबिन खान जी,रामसिंह जी समेत समस्त काँग्रेस कार्यकर्ता, नगर पालिका, जनपद, जिला पंचायत के चुने गये सदस्यों, सेवादल, महिला काँग्रेस, युवक काँग्रेस, किसान काँग्रेस, आई.टी. सेल, एन.एस.यू.आई. सहित समस्त प्रकोष्ठ के सदस्यों एवं समस्त वरिष्ठ, कनिष्ठ, पूर्व-वर्तमान पदाधिकारी व काँग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## गायत्री परिवार के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**केवलारी।** गायत्री शक्तिपीठ में प्रतिवर्ष नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के पावन उपलक्ष्य पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी गत दिवस गायत्री मंदिर परिसर में 21 वां रक्तदान शिविर का आयोजन आशीष भराडे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केवलारी, प्रमोद मोदी अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्रह्मकुमारी राजयोग सेवा संस्थान सिवनी की संचालिका गीता दीदी, ब्रम्हकुमारीज राजयोग सेवा केंद्र केवलारी संचालिका गायत्री दीदी, संतोष मोदी ब्लॉक अध्यक्ष व्यापारी संघ, रमाशंकर महोबिया ,रफीक खान पत्रकार, पवन यादव पूर्व जनपद सदस्य, नीरज रानू ठाकुर पार्षद, राजेश बघेल संचालक कामधेनु गौशाला समिति, श्रीमति अनुसुईया साहू पार्षद, सुरेंद्र साहू संचालक गायत्री शक्तिपीठ, विनोद वर्मन सहायक गायत्री शक्तिपीठ, नस्सू खान प्रेस फोटो ग्राफर की गरिमामय उपस्थिति में -श्री वैदमाता गायत्री की पुजा के आयोजित किया गया। आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त रक्तदाताओं ने रक्तदान किया है।

## खबर संक्षेप

### सेन समाज ने थाने में सौंपा ज्ञापन

**कटंगी।** जल संसाधन विभाग कटंगी में सहायक ग्रेड 03 में पदस्थ कर्मचारी ने बालाघाट जिले के सेन समाज को जातिसूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित किया है. इस घटना से आहत होकर सेन समाज कटंगी के पदाधिकारियों ने शनिवार को कटंगी थाना पहुंचकर कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है. सेन समाज ने बताया कि सेन समाज का युवक जल संसाधन विभाग में सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत चाही गई जानकारी लेने के लिए 24 जनवरी को कार्यालय गए हुए थे. जहां बाबू नहीं होने के कारण जानकारी तो नहीं मिली किन्तु कार्यालय के गेट के पास वापस लौटते वक्त कर्मचारी भास्कर बांरबे ने अशोक नागमोते और जिले के सेन समाज को अपशब्द कहा. इस घटना के बाद अशोक नागमोते ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई वहीं आज शनिवार को समाज के लोगों ने थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपते हुए भास्कर बांरबें के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग रखी है।

### शासकीय महाविद्यालय में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर 5 दिवसीय कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार श्री रामचंद्र जी की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में 5 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए गए। 17 जनवरी से प्रारंभ इस कार्यक्रम में एन0एस0एस0 एवं एन0सी0सी0 इकाई द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ0 प्रवीण श्रीवास्तव, प्रशासनिक अधिकारी डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम, एन0 सी0 सी0 अधिकारी डॉ0 हेमंत कुमार मण्डाले, एन0एस0एस0 अधिकारी, समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

### 94दिव्यांग बच्चों को बीआरसी कार्यालय में जनपद पंचायत अध्यक्ष ने बांटे उपकरण



**बालाघाट।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल एवं कलेक्टर सह मिशन संचालक जिला बालाघाट के आदेशानुसार वि. ख. स्तर पर कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत दिव्यांग छात्र / छात्राओं का चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर दिनांक 23/08/2023 को आयोजित किया गया था ,जिसमे जबलपुर से एलिमको टीम द्वारा 94 दिव्यांग बच्चों को उपकर हेतु चिन्हांकित किया गया था। उक्त शिविर के उपकरण प्राप्त होने के पश्चात दिनांक 27/01/2024 को अनपद शिक्षा केन्द्र (बी आर सी. कार्य. द्वारा उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड की शालाओं में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को 11 सिकल, 33 cp चेयर, 12 व्हील चेयर, 8 रोलेटर, 2 एथबो क्रेचेश एवं 18 श्रवण यंत्र का वितरण किया गया।

### दर्जनों लोगों को बना चुका निशाना, रेंजर सहित अमला भगाने में जुटा

# लामता पंचायत के दो वार्डों में बंदर का आतंक!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में वन्यजीवों की अधिकत्ता, उनकी जान की दुश्मन बनी है। वहीं वन्यजीवों के कारण मानव जीवन भी संकट में आ गया है। ताजा मामला जिले के लामता पंचायत का है। यहां ग्राम पंचायत लामता के दो वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में बीते एक महिने से एक खूंखार बंदक का आतंक ने लोगों को घरों में ही कैद हो जाने पर मजबूर कर दिया है।

पहली घटना के बाद जब इसकी जानकारी लामता परिक्षेत्र को दी, तो परिक्षेत्र अधिकारी ने उसे गंभीरता से नहीं लिया। इसका परिणाम यह रहा कि बंदर का आतंक बढ़ता गया और आज यह हालत हो गई है कि एक दर्जन से ज्यादा लोग बंदर के काटने से चोटिल बताए जा रहे है। जब एक से ज्यादा लोगों की लगातार वन विभाग को शिकायतें मिली तो 27 जनवरी को परिक्षेत्र अधिकारी कृष्ण कुमार नामदेव, हाका गैंक के साथ लामता पंचायत के वार्डों में पहुंचे और बंदरों को लाठी के दम पर भगाने का काम किया। महिला प्रमिला बाई, रिटायर्ड शिक्षक कटरे, महिला चित्रलेखा बोपचे की बेटी, बंदर के काटने से पीड़ति है। यही नहीं बल्कि एक स्कूल के शिक्षक चंद्रकुमार पटले भी बताते है कि जब खूंखार बंदर ने तीन लोगों को काटा तो उन्होंने इसकी सूचना परिक्षेत्र अधिकारी को दी।

महिला प्रमिलाबाई की माने तो वह बकरी बांधने गई थी। इस दौरान ही बंदर ने आकर उसके पैर के घुटने के पास काट लिया। महिला चित्रलेखा बोपचे की मानें तो बेटी कपड़े सुखाने छत में गई थी। जिस पर खूंखार बंदर ने छपटकर उसे काट लिया। जिसका कोई इलाज शासकीय अस्पताल में मुहैया नहीं होने से वह निजी अस्पताल से बेटी का उपचार करवा रही है।

शिक्षक चंद्रकुमार पटले की माने तो खूंखार बंदर के तीन लोगों को काटे जाने की घटना देखने के बाद हम स्कूली बच्चों के बाहर खेलते समय, साथ होते है। यदि कोई बंदर का झुंड दिखाई देता है, तो हम सभी बच्चों को स्कूल के अंदर कर देते है। हमने स्कूल में बंदरों को भगाने के लिए बम और लाठी रखी है।

# संकेतक बोर्ड नहीं होने से हादसा!

### निर्माण स्थल पर गढ्ढे में गिरे दो युवक, इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिले में कई जगह निर्माण कार्य चल रहे है, लेकिन निर्देश और नियमों के बावजूद निर्माण एजेंसी संकेतक नहीं लगा रही। इसका खामियाजा अक्सर लोगों को जान जोखिम में डालकर उठाना पड़ता है। ऐसी ही एक घटना लामता-बैहर रोड में हुई। इसमें दो लोग घायल हो गए। लामता बैहर रोड में ग्राम सलंगटोला के समीप पुल निर्माण का कार्य प्रगति में है।

इसका निर्माण उदित इंफ्रास्ट्रक्चर कर रहा है, लेकिन निर्माण एजेंसी ने किसी प्रकार का संकेतक बोर्ड नहीं लगाया। जबकि पुल निर्माण के दौरान, यहां से मार्ग को डायवर्ट किया, लेकिन निर्माण एजेंसी ने किसी भी प्रकार से डायवर्सन मार्ग का संकेत सूचक बोर्ड नहीं लगाए। इसके कारण शुक्रवार रात दो युवक बाइक से निर्माण के लिए किए गए गढ्ढे देखकर हड़बड़ाकर गिरकर घायल हो गए।

इसकी जानकारी के बाद लामता थाना निरीक्षक पीएस डामोर ने दोनों ही घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लामता लाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उनके सिर पर चोटें आने से उन्हें उचित जांच के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया।

बताया जाता है कि मेंढकी निवासी चितेश मेश्राम (34) और बनेरा निवासी सत्यम सोनवाने (22) बाइक से कुरेंडा परसवाड़ा जा रहे थे। इसी दौरान निर्माणाधीन पुल में डायवर्सन का बोर्ड नहीं होने से सड़क पर निर्माण कार्य के लिए किए गड्ढे को देखकर हड़बड़ा कर वाहन सहित गिर गए।

# 19 वर्षीय युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

### मामूली सी धक्का मुक्की पर हुई मारपीट

**वारासिवनी।** नगर में जहॉ एक ओर गणतंत्र दिवस की 75 वीं वर्षगॉठ मनाई जा रही थी, वही दूसरी ओर नगर के मुख्य चौराहा दीनदयाल चौक पर कुछ युवकों द्वारा सरेआम खून की होली खेली जा रही थी। इससे अब नगर की कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। पहले चोरी, अब सरेआम दिन में कुछ युवक द्वारा रंगदारी कर एक युवक पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया, युवक फिलहाल शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी मे भर्ती है और उसका उपचार जारी है।



जानकारी अनुसार एक ओर जहॉ रानी अवंती बाई स्टेडियम में गणतंत्र दिवस की धूम थी, वही दूसरी ओर 100 मीटर की दूरी पर स्थित दीनदयाल चौक पर दो युवकों की धक्कामुक्की का मामला इतना तूल पकड़ गया कि नेवरगॉव के युवकों द्वारा कोस्ते निवासी सूचित नेवारे उम्र 19 वर्ष को दौड़ा दौड़ा कर मारा गया और इस मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गया।

# सरेखा रेलवे ओवर ब्रिज का काम अधूरा : वैकल्पिक मार्ग को व्यवस्थित करने में हो रही देरी, पाईप लाईन शिफ्टिंग का काम भी अपूर्ण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट जिला मुख्यालय में यातायात के दबाव के कारण आवागमन में आमजन को हो रही दिक्कतों को लेकर बहुप्रतीक्षित सरेखा रेलवे ओवरब्रिज का काम शुरू किया गया था। लेकिन उसमें हो रही देरी से इसके जल्द बनने की संभावना कम नजर आ रही है।



दरअसल, सरेखा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में सबसे बड़ी समस्या, इस मार्ग पर आवागमन को लेकर है। भारी मशीनरी से यहां काम हो रहा है। चूंकि, जिस जगह काम चल रहा है, उसके पास से बड़ी संख्या में वाहनों का आवागमन हो रहा है। जिसको लेकर निर्माण एजेंसी ने आवागमन बंद करने की मांग सेतु विभाग से की थी।

इसके बाद सेतु विभाग ने प्रशासन से मामले की चर्चा की थी, जिसमें पहले 10 दिनों में वैकल्पिक मार्ग को व्यवस्थित करने का समय प्रशासन ने लिया था। इसके बाद भी प्रशासन वैकल्पिक मार्गों को दुरुस्त नहीं कर सका। इसके बाद दूसरी बार फिर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने यहां निरीक्षण कर 27 जनवरी तक आवागमन को बंद करने की डैड लाईन तय की थी।

लेकिन इस संबंध कोई में कोई ठोस निर्णय नही लिया गया। दूसरी ओर सरेखा में सड़क के नीचे से जा रही पेयजल पाईप लाईन को महीनों बाद भी नगरपालिका नहीं हटा सकी है। वहीं मार्ग से पाईप लाईन शिफ्टिंग का काम अब भी पूरा नहीं हो सका है।

### सांसद ने दिया था सुझाव

विगत दिनों सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने नहर पर ओवरब्रिज निर्माण के कारण आवागमन को डायवर्ट करने में आ रही समस्या को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग का सुझाव दिया था। उसके बाद उन्होंने इन मार्गों की निरीक्षण भी किया था।

मामले में सेतु विभाग के एसडीओ सनोडिया ने बताया कि सरेखा रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में आवागमन के साथ ही बिजली पोल शिफ्टिंग, पेयजल पाईप लाईन और अतिक्रमण एक बड़ी समस्या है।जिसके वजह से कार्य की गति धीमी है। इस कारण ओवरब्रिज का काम गति नहीं पकड़ पा रहा है। यदि यह समस्या हल हो जाती है तो ओवरब्रिज के कार्य में गति आएगी और ब्रिज का जल्द निर्माण हो सकेगा।

### कलश यात्रा में शामिल हुए विधायक विवेक पटेल

# विशाल कलश यात्रा के साथ राम कथा का प्रारंभ

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** अयोध्या में भगवान श्रीराम लला की बाल रुप प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर रामलला महोत्सव समिति द्वारा बड़ा श्रीराम मंदिर परिसर में राम कथा का आयोजन आज से प्रारंभ किया गया। समिति द्वारा नगर के वॉर्ड नंबर 9 स्थित वाल्मीकि मंदिर से प्रातः 11 बजे विशाल कलश यात्रा निकाली गई। यह विशाल कलश यात्रा गोलीबारी चौक, आम्बेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक, सब्जी बाजार होते हुए श्रीराम मंदिर पहुंची। जहॉं भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना की गई।



**कलश यात्रा पर जगह-जगह नागरिकों ने की पुष्प वर्षा:** वाल्मीमी मंदिर से प्रारंभ इस भव्य कलश यात्रा के नगर के विभिन्न हिस्सों से गुजरने के दौरान नागरिकों व श्रद्धालुओं ने अपने घरों व दुकानों के सामने कलश यात्रा में शामिल पीताम्बरधारी महिलाओं व यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया। कलश यात्रा के दौरान भक्तगण जय श्री राम के नारे का जयघोष करते रहे। कलश यात्रा के दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल रामायण ग्रंथ को अपने सिर पर रखकर पैदल भ्रमण किया। इस कलश यात्रा में भगवान श्रीराम सीता, लक्ष्मण, हनुमान व अन्य देवी देवताओं की जीवंत झॉकी बनाई गई थी। जो विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद श्रीराम मंदिर पहुंचने के बाद मंदिर में स्थित भगवान श्रीराम की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

### प्रेम और अच्छे आचरण से बढ़ती हैं मित्रता-संत माधवदास महाराज

श्रीमद् भागवत महापुराण में व्यास पीठ पर विराजमान संत माधवदास महाराज ने अपने मुखराबिंद से कृष्ण लीला का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मित्र प्रेम का आचरण अपने सखा सुदामा के साथ प्रस्तुत किया। जो कालांतर तक अविस्मरणीय एवं प्रेरणादायी रहेगा। द्वारका में सुदामा के पहुंचने पर अपने मित्र को अपने गले से लगाया और जब बिदाई का समय आया, तो सुदामा के पास चावल की पोटरी थी, भगवान ने उसमें से एक मु_ी खाई, तो एक लोक दान किया, दूसरी खाई, तो लोक दान दिया। भगवान जब भक्त की परीक्षा लेते हैं और उसके बाद जब कृपा करते हैं, तों संसार का सुख भी उसे दे देते हैं।

# विधायक ने सिंगोड़ी में किया गाय-बछड़ा की प्रतिमा का लोकार्पण

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** चुनाव प्रचार के दौरान जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत सिंगोड़ी की ग्रामीण जनता की मांग को पूरा करते हुए विधायक गौरव सिंह पारधी ने शुक्रवार 26 जनवरी को श्रीराधा कृष्ण गोंविद मंदिर में गाय बछड़ा की प्रतिमा को लोकापर्ण किया. इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण करने के संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश भी दिए. ग्रामीणों ने विधायक को अपनी समस्याओं से भी अवगत करवाया. ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि उन्हें लाड़ली बहना योजना का लाभ नहीं मिल पाया है जबकि कई महिलाओं ने उज्जवला योजना का लाभ नहीं मिलने की बात कहीं. विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा. ग्रामीणों ने गांव से कोड़मी की तरफ जाने वाली सड़क का निर्माण करवाने की मांग रखी जिस पर विधायक ने भरोसा दिया है कि आने वाले समय में सड़क का निर्माण करवा दिया जाएगा। प्रतिमा लोकार्पण समारोह में नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर ने कहा कि इस तरह से केवल प्रतिमाएं बनाने से ही गौ माता की रक्षा नहीं होगी बल्कि हम सभी को मिलकर प्रतिज्ञा लेनी होगी कि गौ माता को कत्लखाने जाने नहीं देंगे. अगर गाय बूढ़ी भी हो जाए तो उसकी सेवा करेगें. विधायक ने कहा कि गौ माता, हमारी पवित्रता की संस्कृति का प्रतीक, अनन्य देवी हैं. वेदों और पुराणों में गाय को माता माना गया है, गाय को परमात्मा का साक्षात विग्रह हमारे शास्त्र बताते हैं, गौ माता की पूजा, सेवा और संरक्षण मानवीय आदर्शों का प्रतीक है. इसीलिए हमें गौ माता की ना सिर्फ पूजा करनी है बल्कि इसे कत्लखाने जाने से भी बचाना है. इस अवसर पर जनपद सदस्य इन्द्रकला राजेश ठाकरे, सिंगोड़ी सरपंच नेतनबाई चंपालाल गौतम सहित गांव के कई सम्मानीयजन ओर ग्रामीण जन मौजूद रहे।



### देशभक्ति के रंगों में रंगा मुख्य समारोह, नगर ने देखा 75 वाँ गणतंत्र दिवस

# नव उमंग, नव उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया 75 वाँ गणतंत्र दिवस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** देश का 75 वाँ गणतंत्र दिवस अपने अनोखे, नव उमंग, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मुलना स्टेडियम पर मनाया गया। मुख्य समारोह का झंडावंदन मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर ड़ॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने किया। राष्ट्रीय ध्वज हवा में लहराते ही पूरा स्टेडियम राष्ट्रगान जनगण मन की ध्वनि के साथ गूंज उठा। इसके ठीक बाद मुख्य अतिथि ड़ॉ. मिश्रा ने एसपी श्री समीर सौरभ के साथ परेड का निरीक्षण किया। इसके पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री ड़ॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन किया गया। संदेश में बालाघाट जिले में वारासिवनी की साड़ी को जीआई टेग मिलने का उल्लेख किया गया है। इसके बाद शांति के प्रतीक गुब्बारे छोड़े गए। वहीं हर्ष फायर ने देशभक्ति का अलग ज़ज्बा जगाया। जवानों और युवा एनसीसी, स्काउट गाईड और शौर्या दल सहित 13 दलों ने मार्च पास्ट कर कदमताल किया। इस बीच मुख्य अतिथि द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया। वहीं कलापथक दल द्वारा मप्र गान गाया गया।

75 वे गणतंत्र दिवस के आयोजन में सांस्कृतिक विविधता से रंगी वेशभूषा और नृत्य संगीत की विविध कर्णप्रिय वाणी ने स्टेडियम को रोमांचित कर दिया। यहाँ हरी गास से भरे मैदान पर जैसे ही माता सबरी कुटिया में सबरी का आगमन हुआ। मौजूद देशभक्तों के दिल में सीधे श्रीरामलला की छवि उत्तर गई। पूरा स्टेडियम रोमांटित सा लगने लगा। कन्या परिसर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत नृत्य कथा सबरी की, झोपड़ी में आएंगे श्री राम में जब बग्गी से राम लक्ष्मण गुजरे तो पूरा स्टेडियम आध्यात्मिकता से सरोबार हुआ। ऐसे ही सीएम राइज स्कूल के विद्यार्थियों ने वाणी में गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो के साथ स्टेडियम में दशावतार लेकर प्रस्तुत हुए तो मौजूद नागरिकों ने तालियों के साथ अभिवादन किया।



# आ अब लौट चले गांव की ओर, स्व राजू चौकसे की स्म्रति मे क्रिकेट स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज उकवा।



आ अब लौट चले गांव की ओर स्वर्गीय राजु चौकसे की स्मृति में दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता का 27 जनवरी को शुभारंभ किया गया जिसमें गांव से दूर बड़े शहरो में 25- 30 वर्षो से रहकर नौकरी कर रहे उकवा क्षेत्र के खिलाडी उकवा पहुँच कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं । क्रिकेट के जनक कहे जाने वाले खिलाडी स्व राजू चौकसे की स्म्रति में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में गांव के ही विभिन्न प्रान्तों में रहरहे वरिष्ट खिलाडीयो ने हिस्सा लिया । मुख्य अतिथि प्रशांत डकरे खान प्रबन्धक उकवा, सुश्री अनुसूईया क्षत्रीया सरपंच ग्राम पंचायत उकवा, जेम्स बारीक सर्वधर्म सेवा समिति अध्यक्ष सुश्री कृष्णा खांगर की उपस्थिति में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया ।

# वीरांगना अवंती बाई शिशु मंदिर लांजी में शान से लहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज लांजी।

नगर के स्थानीय विद्यालय वीरांगना रानी अवंती बाई शिशु मंदिर लांजी में गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि श्री बबलू खानोरकर जी द्वारा महात्मा गांधी तथा डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात प्रातः 7.30 बजे नगर वासियों के बीच मुख्य अतिथि श्री बबलू खानोरकर जी के द्वारा ध्वज वंदन कर ध्वजारोहण किया गया, साथ ही बच्चों को मिष्ठान का वितरण किया गया।जिसके बाद प्रातः 8.30 बजे शाला की प्रभात फेरी बैंड एवम् लैजिम के साथ बस स्टैंड लांजी स्थित सुभाष चौक पहुंची जहां से प्रभात फेरी वापस विद्यालय वापस आईं।अवंती स्टेडियम लांजी में आयोजित किए गए , गणतंत्र दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यालय की ओर से माध्यमिक विभाग से नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसे तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।इन बच्चों को विद्यालय में मुख्य अतिथि महोदय द्वारा पुरस्कार शील्ड प्रदान किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री बबलू खानोरकर , श्री विश्वनाथ तिवारी महाराज जी , श्री सुखपाल भर्रे, वरिष्ठ पत्रकार श्री सुरेन्द्र श्रीवास, श्री मोतीचंद कलपुरे समाजसेवी , श्री रिखीलाल रामटेककर , श्री संजय हट्टेवार, श्रीमती हसीना शेख , श्रीमती सुचिता गरुड़े आदि नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती कविता गजभिए तथा कु. पूनम नेवारे का सराहनीय योगदान रहा । साथ ही शाला के सफल कार्यक्रमों में सभी शिक्षक/ शिक्षिका श्रीमती दमयंती राने, श्रीमती सुलोचना सोलंकी, श्रीमती प्रेमकुमारी तिड़के, श्रीमती दीपिका रामटेके, कु. पूजा मेश्राम, कु. दीक्षा कुशले तथा श्री जगदीश उरोड़े का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में शाला के प्रधानपाठक विजय कुशले के द्वारा सभी अतिथियों तथा शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

